जागरण

www.jagran.com May 11,2017

नरेंद्र मोदी # लालू यादव # आम आदमी पार्टी # बाहुबली 2 # जागरण स्पेशल

समाचार राष्ट्रीय • दुनिया • बिजनेस • खेल • चर्चा में • और पढ़ें

पीएम मोदी एनडीए सरकार की तीसरी वर्षगांठ पर देश को गुवाहटी से करेंगे संबोधित

By **Tilak Raj** Publish Date:Thu, 11 May 2017 11:43 AM (IST) | Updated Date:Thu, 11 May 2017 11:51 AM (IST)

पीएम मोदी ढोला सादिया पुल का भी उद्घाटन करेंगे। 9.15 किमी लंबा ब्रह्मपुत्र पर बना ढोला सादिया देश का सबसे लंबा पुल होगा।

गुवाहाटी, जेएनएन। मौजूदा एनडीए सरकार 26 मई को तीन साल पूरे करने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दिन असम में होंगे और वहीं से देश को संबोधित करेंगे। असम में भाजपा की सरकार अपना पहला साल पूरा करने जा रही है।

सरकार की पहली वर्षगांठ के मौके पद पीएम मोदी ने मथुरा में नगला चंद्रभान गांव का दौरा किया था, जो दीन दयाल उपाध्याय का जन्मस्थान है। सरकार के दो साल पूरा करने पर प्रधानमंत्री ने सहारनपुर में एक विशाल रैली को संबोधित किया था। यह तीसरी बार होगा जब पीएम मोदी राष्ट्रीय राजधानी से बाहर सरकार की वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल के मीडिया सलाहकार ऋषिकेश गोस्वामी ने बताया, 'एनडीए सरकार की तीसरी वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असम में होंगे और वह देश को गुवाहाटी से संबोधित करेंगे। उन्होंने असम के आठ राज्यों को अक्सर अष्टलक्ष्मी की संज्ञा दी है।'

गोस्वामी ने इसके साथ ही बताया कि मोदी ढोला सादिया पुल का भी उद्घाटन करेंगे। 9.15 किमी लंबा ब्रह्मपुत्र पर बना ढोला सादिया देश का सबसे लंबा पुल होगा और इससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार आने की उम्मीद है।

इसे भी पढ़ें: CM नीतीश पर सुशील मोदी का हमला, बोले- कुर्सी के लिए किया लालू से समझौता

मोबाइल पर भी अपनी पसंदीदा खबरें और मैच के Live स्कोर पाने के लिए जाएं m.jagran.com पर

Share Like 0 G+1 0

Tags: #PM Narendra Modi #Modi Govt Three Years #NDA Govt #BJP #Guwahati #Assam #Dhola Sadiya bridge #Sarbananda Sonowal

Web Title: PM Modi will address nation on NDA govt third anniversary from Guwahati